पद का नाम : मैंट्रन

परीक्षा योजना

मैंट्रन के पद की भर्ती हेतु एक लिखित परीक्षा आयोजित की जायेगी। लिखित परीक्षा में 100 वस्तुनिष्ठ (बहु विकल्पी) प्रश्न पूछे जायेगे । प्रत्येक प्रश्न के सही उत्तर के लिये 3 अंक प्रदान किये जायेगें व प्रत्येक प्रश्न के गलत उत्तर पर 1 अंक काटा जायेगा। लिखित परीक्षा व साक्षात्कार दोनो में न्यूनतम उत्तीर्णाकं 40 प्रतिशत निर्धारित है। इससे कम अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगें। मेरिट (वरीयता) सूची लिखित परीक्षा, अकादमिक तथा साक्षात्कार के अंकों से बनाई जायेगी।

लिखित परीक्षा की योजना निम्नप्रकार है

प्रश्न–पत्र	प्रश्नों की संख्या	कुल अंक	समय
वस्तुनिष्ट प्रश्न पत्र	100	300	2 घन्टे

भारांक गणना

श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर द्वारा अशैक्षणिक पदो हेतु भर्ती के 100 अंको का विभाजन निम्नानुसार रहेगा:–

संवीक्षा परीक्षा में भारांक [संवीक्षा परीक्षा में प्राप्तांक / 6 (Total Marks Secured in Screening Test /6)]	अकादमिक भारांक*	साक्षात्कार भारांक	कुल अंक
50 अंक	20 अंक	30 अंक	**100 अंक**

*अकादमिक भारांक के 20 अंको का वर्गीकरण निम्नानुसार होगा:–

Criteria Percentage/ OGPA*	Academic qualification & Marks allocated 20%			Grand Total (Marks Max.20)
	Secondary 5 Marks	Sr.Secondary 5 Marks	Graduation 10 Marks	
Distinction>75	5	5	10	20
First Div.	4	4	8	16
Second Div.	3	3	6	12
Pass	2	2	4	08

*OGPA को प्रतिशत में नियमानुसार बदला जावेगा।

पाठ्यक्रम

1. **सामयिक विषय :–** राज्य, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तरो पर मुख्य सामयिक सरकारी विषय, घटनाएं और क्रीड़ा।

2. **भूगोल और प्राकृतिक संसाधन :–**
   - विश्व की विस्तृत भौतिक विशिष्टताएं, महत्वपूर्ण स्थान, पर्वत और महासागर।
   - भारत की पारिस्थितिक और वन्य जीवन।
   - राजस्थान का प्राकृतिक भूगोल, राजस्थान की जलवायु, वनस्पतिया एवं मृदा क्षेत्र विस्तृत भौतिक खण्ड, जनसंख्या, बेरोजगारी, दरिद्रता, सूखा, अकाल और मरूस्थलीकरण की समस्याएं।
   - राजस्थान के प्राकृतिक संसाधन खान एवं खनिज, वन, भूमि एवं जल, पशु संसाधन, वन्य जीव एवं संरक्षण।

3. **भारत और राजस्थान के विशेष संदर्भ के साथ कृषि और आर्थिक विकास :** राजस्थान की खाद्य एवं वाणिज्य फसलें, कृषि आधारित उद्योग, मुख्य सिंचाई एंव नदी घाटी परियोजनाएं, मरूस्थल एवं बंजर भूमि के विकास के लिए परियोजनाएं, एवं वृहत उद्योग।

4. **इतिहास और संस्कृति– निम्नलिखित के विशिष्ट संदर्भ के साथ भारत और राजस्थान के मुख्य स्मारक तथा साहित्यिक कृति, इतिहास और सस्कृति :–**
   1. जनजातियॉ और उनकी अर्थव्यवस्था।
   2. बोलिया और साहित्य।
   3. संगीत, नृत्य और रंगशाला।
   4. धार्मिक आस्था, सम्प्रदाय, सन्त, कवि, योद्धा सन्त, "लोक देवता" और "लोक देवियॉ"।
   5. हस्ताशिल्प।
   6. मेले और त्यौहार, रूढिया, वस्त्र एवं आभूषण, उनके लोक एवं जनजातिय पहलुओं के विशिष्ट संदर्भ सहित।
   7. साधारण मानसिक योग्यता।
   8. तर्कशक्ति और विश्लेषणात्मक योग्यता।
   9. अंग्रेजी, हिन्दी और गणित का सामान्य ज्ञान।
   10. कम्प्यूटर का बुनियादी ज्ञान ।